## सार-समाचार

### सायला एकादश की जर्सी का विमोचन

**सायला,** (निसं)। सायला कस्बे के पुराना बस स्टेण्ड स्थित गणपति रिद्धि सिद्धि मन्दिर में मंगलवार को सायला एकादश क्रिकेट टीम की जर्सी का पूर्व उपसरपंच विक्रमसिंह दहिया, समाजसेवी उदयसिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा एवं भामाशाह अशोक अग्रवाल के आतिथ्य में विमोचन किया गया। जानकारी के अनुसार राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक 2023 में सायला एकादश टीम ने क्रिकेट पुरूष वर्ग में ग्राम एवं ब्लॉक स्तर के बाद जिला स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था तथा विजेता रही थी। अब विजेता सायला एकादश टीम जयपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी तथा जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिस पर भामाशाह अग्रवाल हार्डवेयर सायला के मालिक अशोक अग्रवाल द्वारा पूरी टीम के लिए जर्सी तैयार करवाई गई है। जिसका विमोचन करने के बाद सभी खिलाडियों को जर्सी वितरित की गई। साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। राजेन्द्र माहेश्वरी, प्रकाश शर्मा, नेहरूभाई सुथार, रमेश आचार्य, मुकुन्द दवे, महेन्द्रसिंह चंपावत, मुकेश वैष्णव, कपिल त्रिवेदी, लेखदास, नरेश सुथार, नरेन्द्र सुथार, प्रशान्त रावल, नन्दु आचार्य, महेन्द्र वैष्णव हेड कांस्टेबल कालुराम बिश्नोई समेत कई जने मौजूद थे।

### विद्युत करंट से लाइनमैन की मौत

**बाप,** (निसं)। बाप क्षेत्र के दुर्जनी में सोमवार दिन में विद्युत लाइन पर कार्य कर रहे एक लाइनमैन की करंट आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक घायल हुआ है, जिसका पोकरण अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतक ठेकेदार के अधीन कार्य करता था। जानकारी के अनुसार दुर्जनी गांव में विद्युत लाइन में खराबी आने पर सवाईमाधोपुर निवासी मुकेश मीणा उसे दुरस्त करने के लिए पोल पर चढ़ा था। मुकेश मीणा ठेकेदार के अधीन कार्य करता है। बताया जा रहा है कि जिस पोल पर लाइन खराब थी, वंहा से दो लाइने निकल रही थी। बताया जा रहा है कि इसमें से एक लाइन जिसमें खराबी थी का ही शट डाउन लिया हुआ था। कार्य करते समय वह दुसरी लाइन की चपेट में आ गया। हादसे में नासिर नाम का एक और युवक भी घायल हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों ने दोनों को पोकरण अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मुकेश मीणा को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बाप डिस्कॉम अधिकारी भी मौके पर पहुंचे तथा घटनाक्रम के बारे में जानकारी ली। एएसआई नासीन खां ने बताया कि मृतक का शव पोकरण अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया दिया था। मंगलवार को मृतक के परिजन यहां पहुंचे। दोपहर बाद पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### साक्षरता कार्यक्रम की कार्यशाला हुई

**बाप,** (निसं)। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के आमुखीकरण कार्यशाला के तहत पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों एवं सर्वेयरों की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन सीबीईओ मनफूल सिंह के मुख्य आतिथ्य में यंहा समसा भवन मालियों का बास में हुआ। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के ब्लॉक प्रभारी भागीरथ राम विश्नोई ने बताया की 24 सितंबर को नवसाक्षरों के लिए पीईईओ स्तर पर परीक्षा का आयोजन होगा। इस संबंध में परीक्षा आयोजन संबंधी निर्देश दिए गए है। मुख्य दक्ष प्रशिक्षक रेखचंद पालीवाल ने उल्लास एप्प एवं इनकी कार्यविधि की जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट ीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों के लिए नवभारत साक्षरता कार्य म शुरू किया है। इसके तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान करवाने का लक्ष्य 2022 से 2027 तक है। रूम टू रीड के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नमेश कुमार व जितेंद्र कुमार, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण सिंह, मांगीलाल कुमावत, मोतीलाल माली, काशीराम, हरकेश मीणा, मामराज बिश्नोई, मानक राम विश्नोई, जागेश कुमार, रूपेश दवे सहित पीईईओ, संस्था प्रधान और सर्वेयर मौजूद रहे।

### विद्युत करंट से दो गाय मरी

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण क्षेत्र के छायण गांव में करण सिंह पुत्र गुमान सिंह, अमान सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह की दो गायों की करंट लगने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दिनभर जीएसएस पर भीड़ रही। ग्रामीणों ने बताया की बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। खंभों पर 11 हजार केवी की लाइन गाँव के बीच से गुजर रही है। खंभों के सपोर्ट के लिए तार जमीन तक लगाई हुई अर्थ के लिए उसी के इन्सुलेटर टूटा होने के कारण करंट जमीन तक आ पहुंचा। जिससे गायों की मौत हो गयी। ग्रामीणों के हंगामे के बाद समझाइश के लिए बिजली विभाग के जेईएन राहूल सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर कर मामले को शान्त किया। छायण द्वितीय जीएसएस पर नाथुसिह, बींजराज सिंह,स्वरूपा राम, खेतसिंह, ज्ञान सिंह, अर्जुन सिंह, मगसिह , सांगसिह, नरपत सिंह, करण सिंह, भंवर सिंह आदि मौजूद रहे।

### सी.एल.जी. की बैठक आयोजित

**फालना,** (निसं)। फालना पुलिस चौकी परिसर में सीआई महेंद्र सिंह खींची एवं सहायक उप निरीक्षक अमराराम मीणा की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक आयोजित हुई। थानाधिकारी खींची ने कहा कि आने वाले आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी, देवजुलनी एकादशी, अनंत चौदसी,एवं बारावफात का त्योहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनावे एवं किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर तुरंत थाना परिसर से संपर्क करें एवं शहर की ट्रैफिक समस्या के बारे में भी गहनता से विचार विमर्श किया गया। आगामी त्योहारों के सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर जिला सीएलजी सदस्य अमित मेहता सदर लाल मोहम्मद,पूनम गोयल चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह राणावत, मदन सिंह, पीआरओ प्रवीण पटेल,कीकाराम चौधरी, जितेंद्र कलावत,किशोर पवार कुशल सेन,रतन सिंह,कैलाश जोशी, सुरेश राजपुरोहित, शकीर सिलावट आदि लोगों की उपस्थिति थे।

### डंपर की टक्कर से दो युवकों की मौत

**बाप,** (निसं)। बाप के निकट भड़ला में मंगलवार दोपहर में हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनो युवक बाइक पर सवार थे। एएसआई नासीर खां ने बताया कि कुंजाल बस्ती भडला निवासी रोजे खां पुत्र बिलावल खां तथा रजाक खां पुत्र नूरदीन उर्फ भूरे खां भडला में सौर्य ऊर्जा कंपनी के पास स्थित एक पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल डलवाकर कुछ दुर ही गये थे कि सामने से आए एक डंपर ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। भीषण टक्कर से बाइक चकनाचूर हो गई। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर बाप थाना से एएसआई नासीर खां मय जाप्ता मौके पर पहुंचे तथा दोनो के शव बाप स्थित सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम करने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिये। बाप. हादसे में चकनाचुर हुई बाइक।

### महिला मोर्चा के महा सम्मेलन हुआ

**जैसलमेर,** (नि.स.)। भाजपा महिला मोर्चा के महासम्मेलन आयोजन में पूर्व प्रधान व संयोजक करुणाकंवर ने हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैसलमेर की महिलाएं रानी लक्ष्मीबाई से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा सरकार बननी तय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही डबल इंजन सरकार होगी। महिला मोर्चा अध्यक्ष समता व्यास ने अपने उद्बोधन में करुणाकंवर को जैसलमेर से टिकट दिलवा कर जिताने का आहवान किया। संगीता गोस्वामी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर राजस्थान में आगामी सरकार भाजपा की आने का प्रथम पूज्य गणेशजी से प्रार्थना करने का निवदेन किया। इस अवसर पर चांद कंवर जाम ने भी उद्बोधन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा, महामंत्री सुशील व्यास, पवनकुमारसिंह सिंहड़ार, ओम सेवक, बाबूलाल शर्मा, कंवराजसिंह चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जातरूओं को करवा रहे हैं भोजन

**बाप,** (निसं)। इस समय चंहु और बाबा की भक्ति की बयार बह रही है। जहां देखो वहां बाबा रामदेव की भक्ति के तरह-तरह के नजारे दिख रहे है। कोई बाबा रामदेव के दर्शन करने वाले जातरूओं को खाना खिला रहा है, कोई पैर दबा रहा है, तो कोई मरहम पट्टी कर रहा है। एक के बाद एक भक्तों की मनुहार करने वालों की कहीं कमी नहीं है। बीती रात रूक रूक हो रही बरसात ने बाबा के जातरूओं की परेशानी भी बढ़ा दी है। चिकित्सकों की माने तो नमी की वजह से जातरूओं के फोड़े फुंसियों हो सकती है। बाप में बाबा रामदेव मस्त मंडल द्वारा लगाये गये भंडारे में मान मनुहार के साथ चाय, भोजन तथा चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा रही है। मंगलवार को तहसीलदार शिव प्रकाश शर्मा ने यंहा आरती में भाग लिया तथा जातरूओं को भोजन करवाया। मदनगोपाल शर्मा ने बताया कि यह भंडारा पांच दिनों से चल रहा है।

# आयुर्वेद विश्वविद्यालय में पहली बार सिजेरियन प्रसव कराया

**जोधपुर,** (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के करवड परिसर स्थित चिकित्सालय के प्रसूति स्त्री रोग विभाग के तत्वावधान में विगत वर्षों में मंगलवार को पहली बार सिजेरियन प्रसव कराया गया। शहर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा शर्मा के नेतृत्व में डॉक्टर्स की टीम ने आज प्रात: 7 बजे गर्भवती काली देवी का मेडिकल कारणों से सिजेरियन ऑपरेशन किया।

ऑपरेशन के दौरान कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति उपस्थित रहे तथा उन्होंने ऑपरेशन थियेटर, नवजात शिशु इकाई तथा पोस्ट ऑपरेटिव केयर संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कुलपति प्रो. प्रजापति ने बताया कि करवड स्थित आयुर्वेद विश्वविद्यालय के चिकित्सालय में सामान्य प्रसव करवाने की व्यवस्थाओं के साथ-साथ एलोपैथी के स्त्री रोग विशेषज्ञ सर्जन की सहायता से विशेष मेडिकल कारणवश आवश्यक होने पर सिजेरियन प्रसव करवाने की व्यवस्थाएं भी आमजनता के लिये उपलब्ध करवा दी गई है।

कुलपति प्रो. प्रजापति ने बताया कि शल्य चिकित्सा एवं प्लास्टिक सर्जरी के प्रवर्तक महर्षि सुश्रुत ने उत्कृष्ट शल्य क्रियाओं का आविष्कार किया था। मंगलवार गणेश चतुर्थी के दिन प्रसूति स्त्री रोग विभाग द्वारा सिजेरियन प्रसव शुरु करके विश्वविद्यालय में शल्य चिकित्सा का एक नया दौर शुरु किया है। भविष्य में इस प्रकार शल्य चिकित्सा को बढावा दिया जायेगा एवं शल्य चिकित्सा का विस्तार प्रसूति स्त्री रोग के अलावा अन्य विभागों में भी किया जायेगा। बालाजी अस्पताल की निदेशक सर्जन डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि गर्भवती श्रीमती काली देवी का सीपीडी की परिस्थिति के कारण सिजेरियन ऑपरेशन किया गया।



डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के करवड परिसर स्थित चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा शर्मा के नेतृत्व में डॉक्टर्स की टीम ने पहली बार सिजेरियन प्रसव कराया।

आयुर्वेद विश्वविद्यालय में इस सिजेरियन प्रसव में डॉ. सीमा शर्मा के साथ आयुर्वेद विश्वविद्यालय की प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रश्मि शर्मा, सीएमएचओ जोधपुर के अधीन कार्यरत निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. मोनीष शर्मा, नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. अजय हारित, सुनील गौड, हरि सिंह, मोहम्मद जिलानी और जालाराम कुमावत ने सहयोग किया। जन्म के पश्चात नवजात शिशु को नवजात शिशु इकाई में लाए व इसकी समुचित परिचर्या की गई।

नवजात शिशु इकाई में डॉ. अजय हारित के साथ बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरीश कुमार सिंघल उपस्थित थे। बाल रोग रेजिडेंट डॉ. जिज्ञासा, डॉ. कैलाश, डॉ. रानी तथा डॉ. चंद्रप्रभा ने सहयोग किया। विश्वविद्यालय की स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. रश्मि शर्मा एवं डॉ. हेमन्त मेनारिया ने बताया कि इस सिजेरियन प्रसव के लिये कुलपति प्रो. प्रजापति के सक्रिय मार्गदर्शन में ऑपरेशन संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई, जो अब स्थाई रूप से आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगी। बताया कि प्रसव के बाद आयुर्वेदीय सूतिका परिचर्या द्वारा माता का उपचार प्रारंभ कर दिया गया है।

कुलसचिव सीमा कविया ने चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा के साथ चिकित्सालय में जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। प्रो. मिश्रा ने बताया कि मां और नवजात शिशु पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं तथा विशेषज्ञों द्वारा उनके स्वास्थ्य की पूरी देखभाल की जा रही है। सिजेरियन प्रसव की व्यवस्थाओं में रेजीडेन्ट डॉ. सानूर, डॉ. आस्मा, नर्सिंग स्टाफ श्वेता व्यास एवं गीता ने सहयोग प्रदान किया।

# पोर्टल हाईपरटेंशन बीमारी का जटिल ऑपरेशन किया



जोधपुर शहर के महात्मा गांधी अस्पताल के गेस्ट्रो सर्जरी विभाग में पोर्टल हाईपरटेनेशन का जटिल ऑपरेशन किया।

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर के महात्मा गांधी अस्पताल में अब आए दिन विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत जटिल बीमारियों का उपचार से मरीज लाभान्वित हो रहे है। हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर राजश्री बेहरा ने बताया की हॉस्पिटल के अलग अलग विभागों में दुर्लभ ओर जटिल रोगों के ऑपरेशन अब रोजाना हो रहे हे जिसके लिय पहले बडे शहरों में जाना पड़ता था।

गेस्ट्रो सर्जरी विभागाध्यक्ष एवं सहायक आचार्य डॉक्टर दिनेश कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नागौर निवासी गुलशन पिछले एक वर्ष से कमजोरी, तिल्ली का आकार बडा होने से रक्त में हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट की कमी एवं मल में रक्त आने से पीडित थी। इस वजह से बार बार रक्त चढाना पडता परन्तु तिल्ली बढने से सारी रक्त कोशिका नष्ट हो जाती थी। डॉक्टर दिनेश ने मरीज की जांच कर पोर्टल हाईपरटेंशन नामक बीमारी का अंदेशा जताया एवं लिवर की जांच करवाई।

इस संबंध में अतिरिक्त प्राचार्य डॉक्टर योगीराज जोशी ने बायोपसी जांच कर नोनसिरॉटिक पोर्टल फायब्रोसिस नामक लिवर की बीमारी का निदान किया।

डॉक्टर दिनेश के अनुसार इस रोग में लिवर को रक्त पहुँचाने वाली नलियों में रुकावट की वजह से उनमें दबाव अधिक हो जाता हे जिससे पेट में रक्त नलियाँ फूल जाती हे तथा प्लेटलेट कम होने से रक्त का थक्का भी नही बनता जिससे मरीज को खून की उल्टी होने तथा अत्यधिक रक्तस्त्राव की वजह से जान जाने का खतरा रहता है।

इस ऑपरेशन में तिल्ली को निकला गया तिल्ली की रक्त की नली को सावधानी पूर्वक बचाते हुए उसे दबाव कम करने के लिए किड्नी की रक्त नली से वैस्क्युलर ऐनासटोमोसिस नामक विधि से जोडा गया। इस रोग में पेट में रक्त की नलियाँ फूली होने से अत्यधिक रक्तस्तराव होने की संभावना थी पर निशचेतना विभाग की सहायक डॉक्टर वन्दना ने रक्त के दबाव को सी वी पी मॉनिटरिंग करके कम रखा जिससे मात्र 50 एम. ब्लड लॉस हुआ। जो साधारणत: 500 एम. तक होता है। क्त की नलियों के जोड में थक्का बनने से रोकने के लिये हिपेरिन का इंजेक्शन भी ऑपरेशन के दौरान लगाया गया।

ऑपरेशन गेस्ट्रो सर्जरी विभाग के डॉक्टर दिनेश चौधरी एवं डॉक्टर शुभम शर्मा ने किया। निश्चेतन एवं इंटरा आपरेटिव मॉनिटरिंग निश्चेतना विभाग की विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ आचार्य सरिता जनवेजा के निर्देशन में सह-आचार्य डॉक्टर फतेह सिंह भाटी एवं सहायक आचार्य डॉक्टर वन्दना ने किया। नर्सिंग ऑफिसर दिनेश एवं गणपत ने ऑपरेशन में सहयोग किया। हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर राजश्री बेहरा ने बताया कि ऑपरेशन चिरंजीवी योजना में निशुल्क किया गया ओर अभी मरीज एकदम स्वस्थ हे तथा शीघ्र उसकी हॉस्पिटल से छुट्टी कर दी जाएगी। एस एन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर दिलीप कछवाह ने सफल ऑपरेशन के लिए आपरेटिव टीम को बधाई दी।

## लंबे समय से फरार तीन जने गिरफ्तार

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर जिले की कोतवाली और पोकरण थाना पुलिस की टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे तीन इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक 20 हजार रुपये का और दो 15-15 हजार रुपये के इनामी है।

एसपी विकास सांगवान ने बताया कि कोतवाली एसएचओ सत्य प्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 8 साल से फरार वाहन चोरी में वांछित 20 हजार रुपये के इनामी आरोपी सुरजन राम उर्फ सुरेश बिश्नोई पुत्र भागीरथ राम निवासी थाना करड़ा जिला सांचौर तथा 5 साल से फरार 15 हजार के इनामी स्थाई वारंटी सोमाराम गरासिया पुत्र लाडूराम निवासी सुरण हाल थाना बेकरिया जिला उदयपुर को थाना गोगुंदा के सहयोग से गिरफ्तार किया है।

एसपी सांगवान ने बताया कि इसी प्रकार एसएचओ पोकरण दिनेश लखावत के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा वर्ष 1999 से फरार चल रहे 15 हजार के इनामी स्थाई वारंटी गुरुमीत सिंह पुत्र गुरुनाम सिंह निवासी थाना रेहड जिला बिजनौर उतरप्रदेश को गिरफ्तार किया।

## महंत प्रतापपुरी ने दौरा किया

**पोकरण,** (निसं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत प्रतापपुरी ने मंगलवार को पोकरण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठकें लेकर जनसमस्याओं को सुना। महंत ने मंगलवार को पोकरण विधानसभा के खुहडा, सांकडा, लाठी, खेतोलाई व छायण गांवों का दौरा किया।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पानी व बिजली की भरी समस्या है। जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। सरकारी विद्यालयों में शिक्षको के रिक्त पदों के कारण शिक्षण व्यवस्था बाधित हो रही हैं। महंत ने समस्याओं पर विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर निराकरण का आग्रह किया।

# युवा कांग्रेस के कार्यों की सराहना की

■ **युवा कांग्रेस की चलो पंचायत व नंबर 1 राजस्थान अभियान के तहत रेवदर में सभा हुई**

**रेवदर,** (निसं)। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने कहा कि युवा कांग्रेस एक मात्र ऐसा संगठन है जिसने युवाओं को प्रदेश एवं देश की राजनीति में उचित स्थान दिया और जनसेवा का जज्बा लेकर आगे बढ रहे युवाओं को मुख्यधारा में लाकर सत्ता एवं संगठन के माध्यम से प्रदेशवासियों की सेवा करने का अवसर दिया। वे भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश में चलाए गये चलो पंचायत व नंबर 1 राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को रेवदर विधानसभा क्षेत्र में उपखण्ड मुख्यालय स्थित अम्बेडकर भवन में आयोजित सभा को सम्बोधित कर रहे थे।

इससे पहले प्रभारी मोहम्मद शाहिद के करोंटी पहुंचने पर यूथ कांग्रेस जिला महासचिव हर्षुल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष चेतन मेघवाल, जिला महासचिव ललित भाट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। करोंटी से रेवदर सभास्थल तक वाहन रैली के रूप में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अम्बेडकर भवन पहुंचे। जिला प्रभारी एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अरमान जैन ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, कांग्रेस आलाकमान हर समय युवाओं को उचित प्रतिनिधित्व देता आया है।

जिला सहप्रभारी लक्ष्मणसिंह सांखला, जिलाध्यक्ष प्रकाश मीणा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए जिले में संगठन की गतिविधियों एवं आगामी चुनावों में युवा कांग्रेस की भूमिका की जानकारी दी।

जिला महासचिव हर्षुल अग्रवाल, हिमपालसिंह देवल, जिला उपाध्यक्ष चेतन चैहान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवासन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने वैश्विक महामारी के दौरान लोगों को राहत देने में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था, उसी तर्ज कर वर्तमान राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन तक लाभ पहुंचाने के लिए युवा कांग्रेस बूथ स्तर तक काम करेगी।

विधानसभा अध्यक्ष सक्षम बारोठ ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विधानसभा स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष लाखाराम चौधरी, जिला परिषद सदस्य मोतीराम कोली, पूर्व पीसीसी सदस्य लखमाराम कोली, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष ईब्राहीम खान, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हुकमसिंह देवडा, प्रकाश चौधरी, विनोदसिंह सोलंकी, कवित अग्रवाल, ओमप्रकाश कोली, ब्लॉक कोषाध्यक्ष पूनमचन्द पुरोहित, पोपटलाल माली, मफतलाल बुनकर, वीराराम मेघवाल समेत सैकडों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# फर्जी रिट पिटीशन के दस्तावेज बनाने के दो आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। एम्स अस्पताल में नर्सिंग अधिकारी के पद कार्यरत रह कर काम करने वाले एक नर्सिंग ऑफिसर की फर्जी तरीके से रिट पिटीशन हाईकोर्ट के नाम से तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नर्सिंग अधिकारी के साथ में आउट सोर्स पर काम करते थे। मामला कुड़ी भगतासनी थाने में दो दिन पहले दर्ज हुआ था। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

कुड़ी पुलिस थाने में दो दिन पहले बिलाड़ा कस्बे सवचेतों का बास निवासी नंदाराम की तरफ से धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करवाया गया था। इसमें बताया कि वह वर्ष 2016 से 22 तक एम्स अस्पताल में नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत था। वह बेदी एण्ड बेदी कंपनी के मार्फत लगा हुआ था। साल 2023 में राज्य सरकार ने नर्सिंग अधिकारी पद के लिए नौकरी निकाली थी। तब उसके द्वारा आवेदन किए जाने पर सरकार ने उसे वेलिड नहीं माना। इस पर परिवादी नंदाराम सहित 20 से अधिक लोगों एक अधिवक्ता के मार्फत द्वारा राजस्थान हाईकोर्ट में रिट पिटीशन दायर की गई। हर एक से पांच हजार रुपए लिए गए। मगर परिवादी ने अपनी रिट पिटीशन के जैसला के रहने वाले मधुसुदन के मार्फत रिट पिटीशन दायर कराई गई। 13 जनवरी 23 मधुसुदन ने उसे एक पीडीएफ भेजी थी। जिसमें रिट दायर होने की बात की थी। मगर बाद में पता लगा कि मधुसुदन ने यह रिट ऑफलाइन दायर की। परिवादी हाईकोर्ट गया तो पता लगा कि उसके द्वारा दायर की गई रिट नहीं लगी है और किसी और का नाम बोल रहा है। तब मधुसुदन के साथ रहने वाले मनोहर राम से संपर्क किया। मनोहरा राम ने भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परिवादी का आरोप है कि मधुसुदन एवं मनोहर राम ने मिलकर धोखाधड़ी करते हुए हाईकोर्ट के फर्जी दस्तावेज तैयार कोर्ट को गुमराह किया है। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अब दोनों आरोपियों जैसला भोजासर हाल रामेश्वनगर निवासी मधुसुदन एवं चाडी के रिडमलसर हाल सरस्वती नगर भगत की कोठी निवासी मनोहरराम को गिरफ्तार कर लिया।

# सायला में वरघोड़ा निकाला

**सायला,** (निसं)। सायला कस्बे के पुराना बस स्टेण्ड स्थित श्री गणपति रिद्धि सिद्धि मन्दिर में मंगलवार को गणेश चतुर्थी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

प्राप्त जाानकारी के अनसार इस अवसर पर मन्दिर प्रांगण में निर्मित पांडाल में अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणपति प्रतिमा की धूमधाम से स्थापना की गई। इसके बाद पूजा अर्चना कर आरती की गई। श्रद्धालुओं ने गणपति को माला पहनाकर मोदक का भोग लगाया तथा खुशहाली की कामना की।

साथ ही मन्दिर प्रांगण में स्थित प्राचीन गणपति मन्दिर एवं ब्रह्मलीन संत रामानन्द सरस्वती महाराज मन्दिर के शिखर पर वार्षिक ध्वजा चढाई गई। दोपहर में भव्य वरघोड़े का आयोजन किया गया।

वरघोडे में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए चल रहे थे। साथ ही ग़ुलाल उड़ाकर गणपति बप्पा मोरियां... के जयकारें लगा रहे थे।

वरघोडे में ब्रज मंडल के कलाकारों द्वारा विभिन्न देवी देवताओं के स्वांग धारण कर प्रस्तुत की गई झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रही।

वरघोडा पुराना बस स्टेण्ड से रवाना होकर निम्बोरानाथ महादेव मन्दिर, कात्यायनी माता मन्दिर, पंचायत समिति रोड, नया बस स्टेण्ड, लहर भारती कुटिया एवं श्री राधा.ष्णा मन्दिर होते हुए पुनः मन्दिर प्रांगण पहुंचकर विसर्जित हुआ। जहां मन्दिर में महाआरती के बाद प्रसादी वितरित की गई। इससे पूर्व गणपति प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया। साथ ही गणपति मन्दिर को रंग बिरंगी रोशनी व फूलो से सजाया गया।

इस दौरान पूर्व उपसरपंच विक्रमसिंह दहिया, उदयसिंह चौहान, नैनमल लखारा, पंडित नरेन्द्र त्रिवेदी, गणपतलाल दवे, मुकुन्द दवे, जुगलकिशोर अग्रवाल, छोगाराम चौधरी, प्रकाश शर्मा, रमेश आचार्य, राजेन्द्र माहेश्वरी, नेहरूभाई सुथार, रूपकिशोर अग्रवाल, अशोक वैष्णव, अशोक अग्रवाल, नैनसिंह चौहान, दुर्गेश घांची, दरगाराम माली, कैलाश वैष्णव, रमेश माली, प्रशान्त रावल, यातायात हेड कांस्टेबल कालुराम बिश्नोई, गणपत आचार्य, कैलाश लखारा समेत श्रद्धालु मौजूद थे।

( राजस्थान सरकार )

**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**

अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड जालोर ( राज. ) पिन नं. 343001

क्रमांक: नपजा/भू-उप./2023/4516 दिनांक: 19/09/2023

**भू- उपयोग परिवर्तन बाबत् आपत्तिया आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि राजस्व ग्राम जालोर चक नं. 3 में निम्नलिखित आवेदनकर्ता नाम के आगे अंकित विवरण अनुसार जालोर नगरीय क्षेत्र में स्थित खातेदारी/निजी भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन के लिये इस कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर भू-उपयोग परिवर्तन की मांग की गई है। यदि भू-उपयोग परिवर्तन से किसी हितबद्ध व्यक्तियों को कोई आपत्ति अथवा एतराज हो तो 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकते है उक्त समयावधि के पश्चात् नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन कर दिया जायेगा। इस प्रकार सूचित रहे।

| क्र. सं. | आवेदक/खातेदार का नाम व पता | खसरा नं. आवेदित स्थान | आवेदित क्षेत्रफल वर्गगज | वर्तमान उपयोग | आवेदित भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री विजय कुमार सुन्देशा पुत्र श्री अम्बालाल माली निवासी तासखाना बावड़ी भीनमाल रोड, जालोर | आबादी भूमि भीनमाल रोड, जालोर | 544.60 | आवासीय | व्यवसायिक |

आयुक्त नगर परिषद् जालोर

( राजस्थान सरकार )

**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**

अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड जालोर ( राज. ) पिन नं. 343001

क्रमांक: नपजा/भू-उप./2023/ दिनांक:

**भू- उपयोग परिवर्तन बाबत् आपत्तिया आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि राजस्व ग्राम जालोर ए में निम्नलिखित आवेदनकर्ता नाम के आगे अंकित विवरण अनुसार जालोर नगरीय क्षेत्र में स्थित खातेदारी/निजी भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन के लिये इस कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर भू-उपयोग परिवर्तन की मांग की गई है। यदि भू-उपयोग परिवर्तन से किसी हितबद्ध व्यक्तियों को कोई आपत्ति अथवा एतराज हो तो 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकते है उक्त समयावधि के पश्चात् नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन कर दिया जायेगा। इस प्रकार सूचित रहे।

| क्र. सं. | आवेदक/खातेदार का नाम व पता | खसरा नं. आवेदित स्थल | आवेदित क्षेत्रफल वर्गगज | वर्तमान उपयोग | आवेदित भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती प्रेमलता पत्नि श्री प्रेमाराम गुर्जर निवासी राजेन्द्र नगर जालोर | खसरा सं. 2223, डीटीओ ऑफिस के सामने | 1191.37 | आवासीय | वाणिज्यिक |
| 2. | श्रीमती कांता देवी पत्नि श्री राजेन्द्र टांक निवासी पोलजी नगर जालोर | खसरा सं. 6898/2223 डीटीओ ऑफिस के सामने | 1175.23 | आवासीय | वाणिज्यिक |

आयुक्त
नगर परिषद् जालोर

**कार्यालय ग्राम पंचायत, भांवरी पंचायत समिति, पाली जिला-पाली**

क्रमांक : ग्रापभा/टेण्डर/2023-24/184 दिनांक:15.09.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या - 03/2023-24**

पंचायत समिति पाली के अधीनस्थ ग्राम पंचायत, भांवरी में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत जारी वित्तीय स्वीकृति द्वारा निम्नलिखित कार्य को सम्पादिन करने हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181(1) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से मोहर बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की तिथि, समय व अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यो की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत, भांवरी में कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http:\\sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र पाली होगा।

**NIB - PHT2324A0030**
**UBN - PHT2324GSOB00030**

( सुनीता त्रिवेदी )
सरपंच
ग्राम पंचायत, भांवरी

( विशाल सिंह )
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, भांवरी

# गणेश चतुर्थी पर घर-घर बिराजे गणपति, मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही


पाली में नागा बाबा की बगीची सहित मंदिरों में कई कार्यक्रम हुए। फोटो-राष्ट्रदूत


जोधपुर में रातानाड़ा स्थित गणेश मंदिर पर ध्वजारोहण किया।


जालोर शहर में गणेश चतुर्थी पर्व पर शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जोधपुर**, (कासं)। विघ्नहर्ता गणपति महाराज का जन्मोत्सव यानि की गणेश चतुर्थी पर्व सूर्यनगरी में मंगलवार को धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों के साथ घरों में भी भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में स्थापित गजानन को विभिन्न तरह की रत्नजड़ित पोशाक और सोने-चांदी के मुकुट धारण करवाए गए। गणेश मंदिरों में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। यहां दिनभर श्रद्धालुओं की दर्शनों के लिए भीड़ लगी रही।

शहर के प्रमुख गणेश मंदिर रातानाड़ा स्थित गणेश टेकरी, सोजती गेट स्थित गणेश मंदिर, इश्किया गजानंदजी मंदिर के साथ ही शहर के सभी गणेश मंदिरों पर गणेश चतुर्थी पर दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न कॉलोनियों, मौहल्लों और व्यापारिक क्षेत्रों में शुभ मुहूत्र में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई जिनका अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन होगा। उत्सव को लेकर शहर में जगह-जगह आकर्षक पांडाल सजाए गए है। रातानाड़ा स्थित गजानन मंदिर में आज से नौ दिन तक चलने वाले महोत्सव की शुरुआत हो गई। चतुर्थी के दिन आज भगवान गजानन का पांच नई पोशाक और गहनों के साथ श्रृंगार किया गया। मंदिर में आज सुबह भगवान गणेश की महाआरती हुई। महोत्सव का आगाज ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसमें भगवान गजानन का विशेष श्रृंगार के साथ 51 हजार सूखे मेवे से बने लड्डुओं का भोग लगाया गया। प्रगट गजानंद महाराज मंदिर में गणेश चतुर्थी पर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमडने लग गई। यहां भगवान गणेश और रिद्धि-सिद्धि का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में आकर्षक रोशनी की गई। सुबह संतों के सान्निध्य में आरती हुई। इसके बाद शुभ मुहुर्त में मंदिर पर ध्वजारोहण किया।

सोजती गेट गढ़ लंबोदर गणेश मंदिर व जूनी धान मंडी स्थित गुरु गणपति मंदिर में भी विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। इसके अलावा भीतरी शहर में जूनी मंडी स्थित इश्किया गजानंद मंदिर, सिद्धि विनायक मंदिर, जूनाखेड़ापति हनुमान मंदिर में भी दिनभर भीड़ रही। विद्याशाला चांदपोल के पास सिद्धेश्वर गणेश मंदिर में विशेष सजावट की गई।

गणेश महोत्सव समिति गणेश मंदिर गणेश चौराहा प्रताप नगर की ओर से गणेश चतुर्थी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आयोजन समिति संयोजक सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सुबह महाआरती कर प्रथम पूज्य को 201 किलो का एक लड्डू चढ़ाया गया। माता का थान मुख्य मार्ग पर चतुरावता का बेरा आवासीय बस्ती में शुभ मुहूर्त के साथ सुबह मंगलवार को गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। पेयजल व तालाबों को प्रदूषण से मुक्त रखने के उद्देश्य से शुद्ध मिट्टी की बनी गणेश प्रतिमा को चतुरावता बेरा आवासीय कॉलोनी के पंडाल में लगाया गया है। क्षेत्रीय निवासी जगदीश देवड़ा ने बताया कि सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पूजन व आरती कर प्रतिमा स्थापित की गई जिसमें स्थानीय लोगों ने भी गणेश वंदना के साथ पूजन कर मंगल कामना की।

## गोल बिल्डिंग चौराहा पर विराजे सिद्धि विनायक

अष्टधातु निर्मित 51 किलो वजनी गणेश प्रतिमा की स्थापना मंगलवार को गणेश चतुर्थी पर्व पर उमंग व उल्लास के साथ गोल बिल्डिंग चौराहा पर की गई। बड़ा रामद्वारा सूरसागर के संत कल्याणदास महाराज ने प्रतिमा की स्थापना की।

अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले इस गणेश उत्सव पर गणेश प्रतिमा की स्थापना से पूर्व खेमे का कुआं से प्रतिमा को जुलूस के रूप में गोल बिल्डिंग चौराहा पर लाया गया। इसके बाद विधि विधान के साथ गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। गणेश महोत्सव समिति के प्रवक्ता अरूण माथुर ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।

-मूर्तियां खरीदने में उत्साह

गणेश महोत्सव को लेकर आज लोगों में जोरदार उत्साह दिखाई दिया। गणेश चतुर्थी पर मंगल मूर्ति की मूर्तियां घरों और मंदिरों में स्थापित करने के लिए शहर की सडक़ों और दुकानों पर भक्तों की भीड़ दिखाई दी। शहर के विभिन्न चौराहों व मुख्य सडक़ों पर बैठे कारीगरों से लोगों ने विघ्न विनायक की मूर्तियां खरीदी। गणेश भक्त जयकारे लगाते हुए अपने सिरों पर मूर्तियां रखकर ले गए।

## जालोर में गणेश महोत्सव शुरू

**जालोर**, (कासं)। जिलेभर में गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर मंगलवार को भगवान गणपति के मंदिरो में भक्तो की भीड़ नजर आई। वही जालोर शहर में सनातन महोत्सव समिति की ओर से गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर प्रात: 10 बजे बाबा रामदेव मंदिर तिलक द्वार के अंदर जालोर से शोभायात्रा निकाली गई।

जालोर में गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर भक्तो में उत्साह देखने को मिला। जालोर शहर के समस्त गणेश मंदिरो को आकर्षक रोशनी से सजाये गये है। वही जालोर शहर में गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत 19 सितम्बर को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हाथी, घोडे के अलावा नौबत नगाडो के साथ अश्व सवार भगवा पताका लहराता नजर आया। वही इसके बाद भगवान गणपति के भक्तजन बैड बाजों की व ढोल ढमाको की धुन पर भक्ति में लीन नजर आये। वही गणपति बाप्पा मोरया ... के जयकारों से फिंजा भी गुंजयमान हो उठी। शोभायात्रा बाबा रामदेव मंदिर तिलकद्वार से रवाना होकर घांचियो की पिलानी, सुभाष मार्केट, माणक चौक, गांधी चौक, सूरजपोल, ट्रक यूनियन, कालका कॉलोनी, राजेन्द्र नगर, अस्पताल चौराहा से होती हुई पुन: बाबा रामदेव मंदिर पहुंचकर महाआरती के साथ सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में जगह जगह भक्तों का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। वही शोभायात्रा में विभिन्न निजी विद्यालय की ओर से देवी देवताओं की झांकिया आकर्षक का केन्द्र रही। शोभायात्रा में साधु संतो का भी भक्तो को आशीर्वाद प्राप्त हुआ। वही विभिन्न संगठनो की ओर से गणेश प्रतिमाओं के समक्ष अपनी आस्था प्रकट की गई। वही दिनभर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना जालोर शहर में विभिन्न जगह की गई। गाजो बाजो के साथ भक्तो ने गणेश प्रतिमाओं को विराजमान किया। गणेश महोत्सव के तहत प्रतिदिन आरती व भक्ति भजनो से माहौल पूर्णत भक्तिमय नजर आयेगा। जिलेभर में गणेश चतुर्थी पर्व उत्साह, उमंग व उल्लास के साथ मनाया गया।

पूरा मोहल्ला में धूमधाम के साथ गणपति स्थापना की गई। पूरा मोहल्ला में गणपति महोत्सव को लेकर मंगलवार से से सात दिवसीय महोत्सव का आगाज हुआ। वही महोत्सव में खाटू श्याम का दरबार की झांकी का कार्यक्रम प्रमुख आयोजित होगा। राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपने भजनों की प्रस्तुतियां भी देंगे। मंगलवार को विशेष पूजा अर्चना के साथ गणपति की स्थापना की गई। इस दौरान महा आरती का आयोजन हुआ। जिसमें तरुण त्रिवेदी देवेंद्र सोनी कमलेश त्रिवेदी राकेश दवे सहित भक्त मंडल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। वही जालोर शहर के विद्या भारती स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया गया।

## गणपति के जयकारे गूंजे

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर समेत जिले भर में गणेश चतुर्थी पर मंदिरों को सजाया गया।

मुख्य नागा बाबा की बगीची स्थित सिद्ध गणेश का विशेष श्रंगार कर आकर्षक रोशनी से मंदिर को सजाया गया। महंत सुरेश गिरी के अनुसार सुबह मंगला आरती के पश्चात हवन व ध्वजा चढ़ाई गई। यहां पर सुबह से रात्रि तक गणेश भक्तों की जोरदार भीड़ रही। गणेश मित्र मंडल के सेवक अपनी सेवाएं दे रहे थे।

भक्तों को प्रसाद देने के लिए सैकड़ों किलो नूक्ति का प्रसाद दिया गया। रात्रि में भक्ति का कार्यक्रम भी हुआ। इसी प्रकार बादशाह का झंडा स्थित रिद्धि सिद्धि गणेश, मोती चौक गजानन, सोमनाथ मंदिर के सामने गणेशजी, पानी दरवाजा गणेश सहित अन्य मंदिरों में गणेश चतुर्थी के अवसर पर मेल सा लग रहा। अलग-अलग मोहल्ले से लोगों ने पहुंच कर गणपति की प्रतिमाएं ढोल धमाका के साथ ले जाकर विराजमान की। कई लोगों ने टेंपो स्कूटर पर भी प्रतिमा ले जाकर घर में स्थापित की। रात्रि में हर गली मोहल्ले मंदिरों में लोगों की भीड़ रही।

एस.पी. एन, गणपति नवयुवक मंडल की ओर से मंगलवार से सरदार पटेल नगर मे गणेश चतुर्थी का महोत्सव हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ।

नवयुवक मंडल के विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि महोत्सव का आगाज समाजसेविका पुष्पा मालगवा द्वारा मूर्ति स्थापना के साथ हुआ। इस मौके पर अनिल शर्मा अशोक कुमार टेलर, अविनाश दवे, पूरण लश्करी, नानूराम ,भगवान दास बाबानी, विनोद बाबानी, राजेश टेलर, प्रताप सिंह राणावत, लालचंद बाबानी, भागीरथ सिंह राजपुरोहित , कमल टेलर , अनमोल शर्मा , हेमंत वैष्णव, सुरेश राजपुरोहित नरेश टेलर, किशन अग्रवाल, अशोक सिंह राजपुरोहित जितेंद्र शर्मा, बबली शर्मा, प्रेरणा बाबानी, तनुश्री, हिमांशु बाबानी, रणवीर सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### 22 साल बाद निंबली उड़ा में समुंद्र मंथन

**पाली**, (नि.सं.)। पाली के निकट निंबली उड़ा गांव में 22 साल बाद समुंद्र मंथन की परम्परा निभाई गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। सालों बाद हो रहे इस आयोजन को देखने के लिए आस-पास के कई गांवों से ग्रामीण पहुंचे। ऐसा लगा जैसे गांव में मेला लग गया हो। सोमवार दोपहर को गांव के भगवान सिंह ने तालाब की परिक्रमा की। उसके बाद करीब दो हजार महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए तालाब पहुंची। जहां तालाब का पूजन कर उन्होंने समुंद्र हिलोरने की परम्परा निभाई। इस दौरान भाईयों ने अपनी बहनों को चुनरी ओढ़ाई। इस दौरान लोग इस नजारे को अपने मोबाइल कैमरे में कैद करते नजर आए। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी प्रसाद बांटा गया। इस दौरान रामेश्वर दास वैष्णव, भंवरलाल, प्रताप सिंह जोधा, गणपत सिंह चंपावत, मनोहर सिंह, भेराराम सुथार, सरपंच प्रतिनिधि ललित शर्मा, वार्डपंच बुद्धाराम देवासी, देवीसिंह, घीसूलाल पालीवाल, पूरण सिंह राजपुरोहित, विजयसिंह राजपुरोहित, छोगाराम देवासी, दुर्गाप्रसाद शर्मा, घनश्याम शर्मा, सुरेश प्रजापत आदि व्यवस्था में जुटे नजर आए।

### मंडार में गणेश चतुर्थी महोत्सव शुरू

**मंडार**, (निसं)। मंडार समेत आसपास के गांव में गणपति महोत्सव की धूमधाम से शुरुआत हुई। विधि विधान पूजा अर्चना कर गणपति स्थापना की गई। कस्बे के न्याति नोहर दादावाड़ी रोड समेत कई स्थानों पर की गई शिवसेना द्वारा भव्य कार्यकम का आयोजन कई दिनों तक किया जायगा विभिन्न स्थानों प्रतिष्ठानों एवं घरों में लोगों ने गाजे बाजे के साथ गणेश की प्रतिमा को पूजा पाठ एवं आरती के साथ विराजित किया जगह-जगह शोभायात्रा के रूप में लोगों ने नासिक ढ़ोल की धुन पर नाचते गाते भगवान गणपति की प्रतिमा को लेकर पंडाल तक पहुंचे जहां पंडित द्वारा विधि विधान से प्रतिमा को विराजित करवाया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से वातावरण गूंजायमांन रहा कई स्थानों पर भंडारों का भी आयोजन किया गया लोगो मे गणपति महोत्सव को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है बच्चो के साथ बड़े ने भी ढोल व डीजे की धुन पर नाच कर अपना उत्साह व्यक्त किया पंडालो में सुन्दर सजावट के साथ ही रंग बिरंगी रोशनी लगाई गई है गणपति स्थापना के बाद मोदक व लडडू का भोग लगाकर प्रसाद वितरण की गई। शिवसेना से देवा राम रावल, रमेश कोली, दिनेश सोनी, दिनेश पंचाल, प्रदीप जैन, विकाश गर्ग, ललित श्रीमाली, शैलेश अग्रवाल, सदाराम ठाकोर, अल्पेश ठाकोर आदि मौजूद थे।

### रांकावत समाज की यात्रा 22 से

**पाली**, (नि.सं.)। रांकावत वैष्णव चैरिटेबल ट्रस्ट गोड़वाड़ चारभुजा के तत्वाधान में आगामी 22 सितंबर को सुबह 5 बजे बिरामी चौकी से तीन दिवसीय पैदल संघ गाजे बाजे धूमधाम से चारभुजा नाथ के दर्शन के लिए रवाना होगा। चारभुजा ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी अशोक गोरवाल पावा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी पैदल संघ रवाना होगा। जिसमें रांकावत समाज के महिला, पुरुष चारभुजा भगवान के रथ के साथ आरती कर रवाना होंगे, जिसके लिए सभी पैदल यात्रियों को 21 तारीख की शाम को बिरामी चौकी सारभुजा मंदिर पहुंचना है। पहला पड़ाव रानी स्टेशन पर, समाज की ओर से स्वागत और नाश्ता, रात्रि विश्राम आशापुरा माता मंदिर नाडोल, दूसरे दिन देसूरी अंबे माता मंदिर और 24 को चारभुजा पहुंचेगी। जहां समाज भवन में समाज की बैठक और सुबह भगवान के दर्शन कर समाप्ति होगी। इस पैदल संघ के आयोजन में समाज के गणमान्य नागरिक लाभार्थी के रूप में रहेंगे। चारभुजा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चंद कोटेचा, रामदास , चैन दास सुमेरपुर, मदन दास बिजोबा, फुआ लाल रानी, भैरू दास आदि सदस्य सहयोग कर रहे हैं।

### खराब सड़कें ठीक करने के निर्देश

**जोधपुर**, (कासं)।मानसून सीजन के दौरान क्षितठास्त हुई सड़कों की मरम्मत को लेकर नगर निगम दक्षिण की करवाए जा रहे पेच वर्क और सड़क मरम्मत कार्य का आयुक्त दक्षिण उत्सव कौशल ने निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त दक्षिण उत्सव कौशल ने पावटा बी रोड, पावटा सी रोड, बीजेएस, डिगाड़ी, जयपुर रोड, सैटलाइट हॉस्पिटल क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पिछले दो दिनों में हुई बारिश के दौरान क्षितठास्त हुई सड़कों को यातायात की दृष्टि से सुगम बनाने के निर्देश दिए, साथ ही इन सड़कों पर जल्द पेच वर्क कार्य शुरू करने की निर्देश दिए। आयुक्त दक्षिण उत्सव कौशल ने कहा कि जिन सड़कों पर पेच वर्क कार्य चल रहा है , उन सड़कों पर पेच वर्क कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करें। उन्होंने बताया कि जो सड़के पीडब्ल्यूडी के क्षेत्राधिकार की है, उन सड़कों पर पेच वर्क कार्य एवं पेच वर्क कार्य शुरू करने को लेकर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता संपत मेघवाल, एक्सईएन राहुल गुप्ता , एईएन भवानी सिंह भी मौजूद थे।

### टूटी सड़क से लोगों को परेशानी

**बालोतरा**, ( निसं)। ग्रामीणों ने गेहूवाली नाडी से बुटली नाडी जाने वाली रोड की दशा नहीं सुधारे जाने पर जताया आक्रोश विद्यार्थी परेशान हो रहें हैं। सिणधरी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नाकोडा में गेहूवाली नाडी से बुटली नाडी जाने वाली रोड बारिश की वजह से खस्ताहाल बन गई हैं विद्यार्थी और ग्रामीण जनों को परेशानी का सामना करना पड रहा है विद्यालय जाते समय विद्यार्थियो को परेशानी का सामना करना पड रहा है कहीं बार विद्यार्थी रोड पर बने खड्डो में गिरने से कीचड में हो जाने के कारण विद्यालय भी नहीं पहुंच पाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो साल से यह रोड खराब है इस रोड के डामरीकरण की सक्त आवश्यकता है अगर रोड की दशा नहीं सुधरी तो आंदोलन होगा। रोड की हालत खराब है विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### शंखेश्वर परमात्मा की आंगी सजाई

**बालोतरा**, ( निसं)। बालोतरा के पचपदरा रोड स्थित श्री शंखेश्वर पारसनाथ रणुजा तीर्थ में पर्युषण पर्व के अंतर्गत प्रतिदिन परमात्मा की अंगी द्वारा सजा की गई एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। संवतसरी महापर्व पर श्री शंखेश्वर पारसनाथ दादा की 108 दीपक द्वारा महा आरती का आयोजन हुआ जिसमें सैकडो की संख्या में जैन धर्म लंबियों ने भाग लिया। तीर्थ को आकर्षक रोशनियों द्वारा सजाया गया।

## ओमप्रकाश धूण दूसरी बार अध्यक्ष बने

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जोधपुर के मण्डोर उपशाखा के चुनाव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आकथली में चुनाव अधिकारी महेन्द्र जाखड़ व पर्यवेक्षक मोहनलाल गोदारा की देखरेख में सम्पन्न हुए। जिला प्रवक्ता आईदानराम चौधरी ने बताया कि मण्डोर उपशाखा में अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश धूण व मंत्री महिपाल विश्नोई लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए। जिला मंत्री संजीव व्यास ने बताया कि सभाध्यक्ष मोहनलाल विश्नोई व कोषाध्यक्ष निम्बाराम देवासी सहित जिला महासमिति के 25 व प्रदेश महासमिति के 6 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए।

निर्वाचन के पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष ओमप्रकाश धूण ने बताया कि संगठन के हितार्थ में कार्य करता रहूंगा। शिक्षकों के हक के लिए सदैव सकारात्मक सोच के साथ कार्यकारिणी के साथियों के साथ मण्डोर के शिक्षक साथियों के साथ संघर्षरत रहूंगा।

उपशाखा अधिवेशन में प्रदेश उपाध्यक्ष रुपाराम खोजा, प्रदेश सह संगठन मंत्री नरेश सोलंकी, प्रदेश उप सभाध्यक्ष रुपाराम रलिया, प्रदेश महिला प्रतिनिधि संजू चारण, जिला संगठन मंत्री महिला बसन्ती पुनिया, सूजाराम ज्याणी, मोहनलाल सेंगवा, भरतसिंह खुड़खुडिया, रामदीन चन्द्र, रामनिवास खुड़खुड़िया, शंकरलाल मातवा, ममता बसवाना, दौलाराम थोरी, हीराराम विश्नोई, श्याम सोऊ, भैराराम दुकतावा, सताराम सोलंकी, संगीता दाधीच, भगाराम देवासी, सोहन बडियार, गजेन्द्र मण्डा, योगिता गुर्जर, तुलसीराम ज्याणी, मुरली दाधीच, सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। अन्त में जिलाध्यक्ष मोहनलाल गोदारा ने शिक्षक साथियों का आभार जताया।

## क्षमा देना वीरों का आभूषण है : आचार्य हार्दिक रत्न


जालोर के नंदीश्वर जैन तीर्थ में पर्युषण महापर्व को लेकर तपस्वी को पानी पिलाने की रस्म निभाई गई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के नंदीश्वर जैन तीर्थ में आयोजित पर्युषण महापर्व के अंतिम दिन मंगलवार को धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य हार्दिक रत्न सुरिश्वर ने क्षमा को वीरता का प्रतीक बताया।

आध्यात्मिक चातुर्मास के मीडिया प्रभारी हीराचंद भंडारी के मुताबिक आचार्य ने कहा कि गलतियां होना हर व्यक्ति के जीवन की एक सामान्य घटना है। जो मनुष्य काम करेगा, उससे गलती तो होगी ही, पर गलती पर क्षमा कर देना बहुत बड़ी वीरता है। वैर और द्वेष की भावना नहीं पालनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रभु महावीर ने हमें क्षमा और प्रेम का मार्ग सिखाया। प्रेम और करुणा की सब को सीख दी। प्रभु महावीर का अहिंसा का सिद्धांत हम सबके लिए प्रेरणादायी हैं।

संवत्सरी के दिन हम सब क्षमापना मांगते हैं। क्षमा बहुत उच्च कोटि का भाव है। संवत्सरी पर्व के दौरान हर श्रावक वर्ष भर की गई अपनी भूलों के लिए एक दूसरे से क्षमा याचना करते हैं। क्षमा याचना से मन के सारे मैल धूल जाते हैं। हमारा हृदय निश्चल भाव से भर जाता है। मन के सारे संशय दूर हो जाते हैं। हमारा हृदय निश्चल बन जाता है। हमें अपने जीवन में सम्भाव धारण करना चाहिए। पर्युषण के अंतिम दिन बारसा सूत्र का आचार्य ने वाचन किया। ॠषभदेव जिनालय के वार्षिक चढ़ने बोले गए। जिसमें सबने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

नंदीश्वर ट्रस्ट मंडल और चातुर्मास आयोजक चम्पालाल भंडारी परिवार ने चतुर्विध संघ से क्षमापना मांगी। वहीबुधवार को नंदीश्वर द्वीप जैन तीर्थ में आयोजित चातुर्मास में चम्पालाल भंडारी परिवार की ओर से विभिन्न तप के तपस्वियों का पारणा उत्सव आयोजित होगा।

## अस्पताल का लोकार्पण आज

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा के पास जसोल के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसोल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण व विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास कल होगा।

जसोल सरपंच ईश्वर सिंह चौहान ने बताया कि राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसोल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण व विकास कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम अस्पताल परिसर में होगा। मुख्य अतिथि पचपदरा विधायक मदन प्रजापत , अति विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर राजेन्द्र विजय, व अध्यक्ष बालोतरा प्रधान भगवत सिंह जसोल करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ताराचंद, विकास अधिकारी बालोतरा महेश सिंह राठौड़ अदि मौजूद रहेंगे।

## पंचायत ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ

**रेवदर**, (निसं)। सरपंच अजबाराम चौधरी और समस्त पंद्रह वार्ड सदस्य ग्राम पंचायत रेवदर ने विकास अधिकारी को ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश देवासी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत रेवदर में सचिव पंचायत में अनुपस्थित रहता है। जब से पंचायत में पदस्थापित हुआ है तब से कभी पंचायत में बैठा नहीं है। ग्रामवासियों द्वारा सचिव को कॉल करने पर भी कोई जवाब नहीं दिया जाता है, राज्य सरकार द्वारा प्रशासन गांवों के संग के दो शिविर हुए पर सचिव की कार्यशैली के कारण जरूरतमंद लोगों को एक पट्टा नहीं दिया गया। सरपंच के कॉल करने पर भी सचिव जवाब नहीं देता है। सभी वार्ड पंचों ने बताया की साधारण सभा की बैठकें हुए कई महीने हो गए हैं। निर्माण कार्यों की एनओसी पेंडिंग पड़ी है और बिना एनओसी कार्य हो रहे हैं। जिससें ग्राम पंचायत की महत्ता घट रही है, लगातार अनुपस्थिति के कारण पंचायत की कार्यवाहियां ठप्प पड़ी है। सरपंच अजबाराम चौधरी, वार्ड सदस्यों ने सचिव को लेकर रोष जताया है।

## शहजाद खान का स्वागत


जालोर के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान के राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माईनॉरिटी एसोसिएशन का पाली संभाग प्रभारी बनने पर मुस्लिम समाज ने स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रकमा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ ने राजकीय चिकित्सालय जालोर के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान को पाली संभाग प्रभारी नियुक्त किया है।

प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ ने जालौर के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान को कर्मचारी अधिकारी के हितार्थ कार्य को देखते हुए उन्हें पाली संभाग प्रभारी बनाया गया है। उन्हें जल्द ही संभाग की कार्यकारिणी गठन करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पाली संभाग के जिलों के जिलाध्यक्ष भी बनाने के निर्देश दिए हैं। जिसमें पाली, जालोर, सिरोही, सांचौर शामिल है।

शहजाद खान वर्तमान में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रवक्ता, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिला महामंत्री, राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक, अपनी पाठशाला के वरिष्ठ सलाहकार के पद पर काम कर रहे है। शहजाद खान के रकमा का पाली संभाग प्रभारी की नियुक्त होने पर अल्पसंख्यक कर्मचारियो व अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई प्रेषित की। साथ ही जालोर के मुस्लिम समाज ने भी उनका साफा व माला पहनाकर मुसाफिर खाने में स्वागत कर उनको बधाई दी गई।

इस अवसर पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो, अब्दुल रजाक पार्षद, मुजफ्फर अली , अजमत अली, आसिफ खोखर , शाइन अख्तर, जहांगीर सिलावट, साबिर अली, साबिर नेपाली, साकिर अली, एजाज अली आदि मौजूद थे।

